एन. सी. जिंदल पब्लिक स्कूल
2024-25 का पाठ्यक्रम
कक्षा – प्री-स्कूल
विषय - हिंदी

पहला कार्यकाल (जुलाई से सितम्बर)	
जुलाई	मौखिक व पहचान स्वर - अ , आ, इ, ई 1. वर्ण पहचान कर चित्र में रंग भरो । 2. वर्ण के अनुसार चित्र चिपकाओ । अ - अ से अनार रोज़ एक खाओ। खाकर इसे लाल हो जाओ।। आ - आ से आम है मीठा ताजा, गर्मियों का है यह राजा। इ - इ से इमली खट्टी प्यारी, खाती इसको दुनिया सारी। ई - ई से ईख, ईख ही गन्ना, गुड़ और चीनी खाये मुन्ना।
अगस्त	मौखिक व पहचान स्वर - उ, ऊ, ऋ, ए, ऐ 1. वर्ण पहचान कर चित्र में रंग भरो । 2. वर्ण के अनुसार चित्र चिपकाओ ।

	उ - उ से बच्चों होता उल्लू गर्मी लगे तो जाओ कुल्लू। ऊ - ऊ से ऊँट है कितना प्यारा, कम पानी से करे गुजारा। ऋ - ऋ से ऋषिवर लगाते ध्यान, इनकी बातों में है ज्ञान। ए - ए से एड़ी तुम भी उठाओ, मेरे कदम से कदम मिलाओ। ऐ - ऐ से ऐनक पहनो भाई, जब पढ़ने में हो कठिनाई।
सितम्बर	मौखिक व पहचान स्वर - ओ, औ, अं, अः स्वर - अ से अः पुनरावृति 1. स्वरों को सही क्रम से जोड़ो। 2. अलग अक्षर पर गोला लगाओ। ओ - ओ से ओखली कितनी सुंदर, कुछ भी कुटो इसके अंदर। औ - औ से औरत मेरी मम्मी, खाना बनाती यम्मी यम्मी। अं - अं से अंगूर हैं काले, पीले, खाने पर ये लगे रसीले। अः - अः से कुछ नहीं अः है खाली, दूध पीयो पर तोड़ो न प्याली।
दूसरा कार्यकाल (अक्टूबर से मार्च)	
अक्टूबर	मौखिक व पहचान व्यंजन - क से ङ च से ञ 1. चित्र पहचानकर सही अक्षर पर गोला लगाओ। 2. चित्र को चित्र से मिलाओ। क - क से कबूतर उड़ता जाए, गुटर-गुटर गूँ गीत सुनाए । ख - ख से खरगोश है दौड़ लगाता, उछल-उछल कर गाजर खाता।

	ग - ग से गमला घर में लाओ, फूल लगा कर खुशबू पाओ। घ - घ से घड़ी समय बताती, टिक-टिक कर के सुबह उठाती। च - च से चम्मच लाओ जी, उससे हलवा खाओ जी। छ - छ से छाता जब खुल जाए, धूप और वर्षा पास न आए। ज - ज से जग में जल होता है, जल सबका जीवन होता है। झ - झ से झंडा देश की शान, झुक कर करो इसे सलाम।
नवंबर	मौखिक व पहचान व्यंजन - ट से ण त से न 1. अक्षर को अक्षर से मिलाओ। 2. चित्र में रंग भरो। ट - ट से टमाटर लाल-लाल, जैसे मेरे मोटे गाल. ठ - ठ से ठठेरा बर्तन बनाए, जिसमें हम सब खाना खाएँ। ड - ड से डमरू बाजे डम -डम, जिस पर नाचे बंदर छम -छम. ढ - ढ से ढक्कन खाना ढकता, मक्खी से है रक्षा करता। त - त से तरबूज की मोटी खाल, बाहर हरा और अंदर लाल. थ - थ से थरमस की अजब कहानी, रखे गरम चाय और ठंडा पानी. द - द से दावत, उसमें है स्याही, कलम उठा और भर मेरे भाई. ध - ध से धनुष, श्री राम का, रावण रहा ना काम का.

	न - न से नल यूँ ही न चलाओ, पानी की हर बूँद बचाओ।
दिसंबर	मौखिक व पहचान व्यंजन - प से म य से श 1. चित्रों को व्यंजन से मिलाओ। 2. अक्षर को अक्षर से मिलाओ। प - प से पतंग है प्यारी-प्यारी, आसमान की करे सवारी। फ - फ से फल मीठे और प्यारे, हमको स्वस्थ बनाते सारे। ब - ब से बस हर दिन है आती, हमको विद्यालय ले जाती। भ - भ से भगत लगाता ध्यान, सदा ये लेता प्रभु का नाम. म - म से मछली जल की रानी , पानी में करती मनमानी। य - य से यज्ञ संत हैं करते, जोर-जोर से मंत्र ये पढ़ते। र - र से रथ में हुआ सवार, राजा करने चला शिकार। ल - ल से लट्टू घूमे गोल, बच्चों बोलो मीठे बोल. व - व से वक पानी में आता, दाँव लगाकर मछली खाता। श - श से शलगम है गुणकारी, दूर करता है सारी बीमारी।
जनवरी	मौखिक व पहचान व्यंजन - ष से श्र व्यंजन को सही व्यंजन से मिलाओ। चित्र पहचान कर सही व्यंजन पर गोला लगाओ। ष - ष से बनता है षट्कोण, इसमें होते हैं छः कोण.

	स - स से सपेरा बीन बजाता, बीन की धुन पर साँप नचाता। ह - ह से हाथी गन्ना लाया, बच्चों ने मिल शोर मचाया। क्ष - क्ष से क्षत्रिय वीर महान, रखते हैं भारत की शान. त्र - त्र से त्रिशूल जो करता वार, तीन नोक का यह हथियार। ज्ञ - ज्ञ से ज्ञानी कितने महान, ज्ञान का देते सबको दान. श्र - श्र से श्रमिक मेहनत करता, मेहनत करने से ना डरता।
फ़रवरी	मौखिक व पहचान स्वर - अ से अः पुनरावृति व्यंजन - क से श्र पुनरावृति 1. वर्णों को सही क्रम से जोड़ो। 2. चित्र में रंग भरो. 3. सही व्यंजन पर गोला लगाओ।
मार्च	मौखिक व पहचान स्वर - अ से अः पुनरावृति व्यंजन - क से श्र पुनरावृति